3267 **परिपत्र /महत्वपूर्ण**

पत्र संख्या-चरित्र पंजिका/परिपत्र/ सामान्य वार्षिक प्रविष्टि-2023-24// / राज्य कर,

कार्यालय आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश,

(चरित्र पंजिका अनुभाग)

दिनांक :: लखनऊ :: 28 नवम्बर, 2024

समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-2, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त उपायुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त सहायक आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त राज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

संख्या संवर्ग के प्रत्येक स्तर के अधिकारी।

कृपया वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक प्रविष्टियों के सम्बन्ध में जारी मुख्यालय के परिपत्र संख्या-चरित्र पंजिका/परिपत्र/ सामान्य वार्षिक प्रविष्टि-2023-24// 976 / राज्य कर, दिनांक 08-07-2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रतिवेदक / समीक्षक एवं स्वीकर्ता स्तर पर ऑनलाइन अंकित की जाने वाली वार्षिक प्रविष्टियों के सम्बन्ध में क्रमशः दिनांक 31-10-2024, दिनांक 30-11-2024 व दिनांक 31-12-2024 तिथियां निर्धारित की गयी है।

चूंकि शासनादेश संख्या-63/सैतालिस-का-5-2024-(1788429) दिनांक 24-02-2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक प्रविष्टियों हेतु दिनांक 31-12-2024 के बाद प्रतिवेदक, समीक्षक तथा स्वीकर्ता प्राधिकारी द्वारा मन्तव्य अंकन की व्यवस्था को **कालबाधित** किया गया है। तद्क्रम में आप सभी को पुनः निर्देशित किया जाता है कि आपके स्तर (समीक्षक अथवा स्वीकर्ता) पर लम्बित प्रदर्शित हो रही वर्ष 2023-24 की वार्षिक प्रविष्टियों को निर्धारित समयावधि में शीघ्रातिशीघ्र अंकित करना सुनिश्चित करें।

(धनन्जय शुक्ला)

अपर आयुक्त, राज्य कर,

उत्तर प्रदेश।